राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने जारी किए नियुक्ति आदेश

प्रो. सुधी राजीव हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर नियुक्त

जयपुर, 13 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने एक आदेश जारी कर प्रो. सुधी राजीव को हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर नियुक्त किया है। राज्यपाल श्री मिश्र ने राज्य सरकार के परामर्श से यह नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। पूर्णिमा विश्वविद्यालय में डीन के पद पर कार्यरत प्रो. सुधी राजीव को यह नियुक्ति कुलपति कार्यभार ग्रहण करने से तीन वर्ष अथवा सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक, जो भी पहले हो, के लिए प्रदान की गयी है ।

राज्यपाल ने जारी किए नियुक्ति आदेश

प्रो. संतोष कुमार सिंह राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा के कुलपति नियुक्त

जयपुर, 13 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने एक आदेश जारी कर दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत प्रो. संतोष कुमार सिंह को राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा के कुलपति पद पर नियुक्त किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने राज्य सरकार के परामर्श से यह नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। प्रो. सिंह को यह नियुक्ति कुलपति कार्यभार ग्रहण करने से तीन वर्ष अथवा सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक, जो भी पहले हो, के लिए प्रदान की गयी है